web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार, 18 अप्रैल 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 199

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

# आरसीएस उड़ान के तहत केशोड़-मुंबई मार्ग पर विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारत सरकार की आरसीएस उड़ान (यूडीएएन) योजना के तहत केशोड़-मुंबई मार्ग पर कल (16.04.2022) उड़ान संचालन शुरू कर दिया। एलायंस एयर को उड़ान आरसीएस- 4.1 बोली प्रक्रिया के तहत यह मार्ग प्रदान किया गया था। इस नए मार्ग पर उड़ान के साथ ही उड़ान-आरसीएस योजना के तहत अब 417 मार्गों पर हवाई संचालन किया जाएगा। इसके उद्घाटन समारोह में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल, गुजरात सरकार में सडक़ और भवन, नागरिक उड्डयन, पर्यटन और तीर्थयात्रा विभाग कैबिनेट मंत्री पुरेश मोदी, गुजरात के पशुपालन राज्य मंत्री देवभाई मालम, पोरबंदर से संसद सदस्य रमेश धदुक, जूनागढ़-गिर सोमनाथ से संसद सदस्य राजेश चुडासमा, गुजरात में मानवदर से विधान सभा सदस्य जवाहर चावड़ा, पोरबंदर से विधान सभा सदस्य बाबूभाई बोखिरिया, नागरिक उड्डयन मंत्रालय में सचिव राजीव बंसल, नागरिक उड्डयन मंत्रालय में संयुक्त सचिव श्रीमती उषा पाधी, एलायंस एयर के सीईओ विनीत सूद और गुजरात राज्य सरकार, एमओसीए, एएआई और एलायंस एयर के कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। एयरलाइन बुधवार, शुक्रवार और रविवार को सप्ताह में तीन बार अपनी उड़ानें संचालित करेगी और इस मार्ग पर कम दूरी की उड़ानों के लिए डिज़ाइन किए गए अपने एटीआर 72-600, 70 सीटों वाले टर्बो प्रोप विमान को तैनात करेगी। इसके साथ ही, एलायंस एयर उड़ान योजना के तहत केशोड़ को मुंबई से जोडऩे वाली पहली एयरलाइन बन जाएगी।

इस अवसर पर अपने संबोधन में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा कि, मैं गुजरात में विशेष रूप से केशोड़ में आकर धन्य और सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जिसका हमारे इतिहास में एक स्थान है और उड़ान (यूडीएएन) योजना के तहत इस नई उड़ान के साथ जो हम आज शुरू कर रहे हैं वह उस जगह को जोड़ेगी जो हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को देश की वित्तीय राजधानी के रूप में प्रिय थी। दो मशहूर विश्व प्रसिद्ध पर्यटक आकर्षण - सोमनाथ मंदिर और गिर राष्ट्रीय उद्यान केशोड़ के पास स्थित हैं। इस नए रूट के शुरू होने से पर्यटक आसानी से दोनों जगहों पर जा सकेंगे। इसके अलावा केशोड़ में फर्नीचर, कपड़ा, रसायन, सीमेंट आदि जैसे विभिन्न उद्योग स्थापित हैं, जो नए उड़ान मार्ग के शुरू होने से लाभान्वित होंगे।

गुजरात में नागरिक उड्डयन मंत्रालय की विकास योजनाओं के बारे में बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, आज से नया उड़ान मार्ग शुरू करने के अलावा, हम केशोड़ को राज्य की राजधानी अहमदाबाद से भी जोड़ेंगे। इस वर्ष ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम में, अहमदाबाद को भारत के 3 शहरों - अमृतसर, आगरा और रांची से जोड़ा गया है। इसी तरह पोरबंदर और राजकोट को मुंबई से जोड़ा गया है। हीरासर और धोलेरा में 2 नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों का भी निर्माण किया गया है, जिसमें क्रमश: प्रति वर्ष 23 लाख यात्री और प्रति वर्ष 30 लाख यात्री होंगे और इसमें क्रमश: 1405 करोड़ रुपये और 1305 करोड़ रुपये का बजट आवंटन होगा। नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया ने बताया कि पोरबंदर और दिल्ली को जोडऩे वाला एक विशेष मार्ग 27 अप्रैल से शुरू होगा।

केशोड़ हवाई अड्डे का स्वामित्व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पास है। शुरू में, निर्धारित संचालन की सुविधा के लिए हवाई अड्डे को 1980 के दशक के अंत में नवीनीकृत और पुनर्जीवित किया गया था। पिछले 21 सालों से इस हवाईअड्डे पर वाणिज्यिक विमान नहीं उतरे हैं।

एएआई ने केशोड़ हवाईअड्डे को अपग्रेड करने के लिए जिसमें रनवे की रीसर्फेसिंग, एयरक्राफ्ट क्रैश फायर टेंडर (एसीएफटी) की खरीद, टर्मिनल बिल्डिंग सहित नए सिविल एन्क्लेव, दो एटीआर-72 प्रकार के विमानों के लिए एप्रन और लिंक टैक्सीवे आदि शामिल हैं, 25 करोड़ रुपये की राशि का निवेश किया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रसार भारती अभिलेखागार ने प्रधानमंत्री संग्रहालय के लिए 206 घंटे का ऑडियो दिया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रसार भारती अभिलेखागार ने राष्ट्रीय राजधानी में हाल ही में उद्घाटन किए गए प्रधानमंत्री संग्रहालय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रसार भारती अभिलेखागार ने संग्रहालय को लगभग 206 घंटे की ऑडियो और 53 घंटे की वीडियो सामग्री दी, जिसका उद्घाटन 14 अप्रैल को बी.आर. अंबेडकर की 131वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। संग्रहालय देश के सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए समर्पित है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अनुसार, प्रसार भारती अभिलेखागार ने 206 घंटे की ऑडियो और 53 घंटे की वीडियो सामग्री प्रदान करके महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### 9 साल के लडक़े ने 4 साल की बच्ची से किया दुष्कर्म, पॉस्को एक्ट के तहत हुआ मामला दर्ज

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में अपने पड़ोस की साढ़े चार साल की बच्ची का यौन शोषण करने के आरोप में 9 साल के लडक़े के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह घटना उल्हासनगर कस्बे की है। ठाणे थाने में मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पीड़िता की मां ने शिकायत दर्ज कराई है कि 3 अप्रैल को लडक़ा खेलने के बहाने लडक़ी को सुनसान जगह पर ले गया और उसका यौन शोषण किया। घटना का पता तब चला जब लडक़ी ने प्राइवेट पार्ट में दर्द की शिकायत की। वि_लवाड़ी पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि लडक़े को अभी तक हिरासत में नहीं लिया गया है।

### इराक में बम निष्क्रिय करने के दौरान 2 सैनिकों की हुई मौत

**बगदाद ।** इराक के पूर्वी प्रांत दियाला में एक बम को निष्क्रिय करने के दौरान दो सैनिकों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। शहर के मेयर वासफी अल-तमीमी ने कहा, इराकी सेना में इंजीनियरिंग कोर के दो सैनिक मारे गए और दो अन्य घायल हो गए, जो इराकी राजधानी बगदाद से लगभग 175 किमी उत्तर पूर्व, कारा-टप्पा शहर के बाहरी इलाके में लगाए गए एक विस्फोटक उपकरण को नष्ट करने की कोशिश कर रहे थे। पिछले कुछ महीनों में इराकी सुरक्षा बलों ने चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) के उग्रवादियों के खिलाफ उनकी तीव्र गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए घातक हमले किए हैं। जानकारी के मुताबिक, 2017 में इराकी बलों द्वारा आईएस को हराने के बाद इराक में सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है। फिर भी आईएस के आतंकवादी शहरी केंद्रों, रेगिस्तानों और ऊबड़-खाबड़ इलाकों में फैल गए हैं, सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ लगातार छापामार हमले कर रहे हैं।

### तालिबान ने पाकिस्तानी हवाई हमले की निंदा की

**काबुल।** तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद कहा कि अफगानिस्तान ने देश पूर्वी हिस्से के दो सीमावर्ती प्रांतों में पाकिस्तानी हवाई हमले की निंदा की है। इस हमले में दर्जनों स्थानीय लोगों की मौत हो गयी थी। अफगानिस्तान के खोस्त और कुनार प्रांतों में हवाई हमले करीब 40 लोगों की मौत हुई है। श्री मुजाहिद ने ट्वीट किया,अफगानिस्तान, खोस्त और कुनार में शरणार्थियों पर पाकिस्तानी हमलों की कड़ी निंदा करता है। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान से ऐसे मुद्दों पर अफगानों के धैर्य की परीक्षा न लेने और दोबारा वही गलती नहीं दोहराने का आह्वान किया। अगर ऐसा हुआ तो इसके बुरे परिणाम होंगे।

### हांगकांग के निकट तेल टैंकर में विस्फोट, छह घायल, एक की मौत

**सिटी ऑफ विक्टोरिया।** हांगकांग के निकट पनामा में तेल टैंकर चुआंग यी में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, यह विस्फोट सिटी वाटर से पूर्व की ओर करीब 300 किलोमीटर दूर पर स्थानीय समयानुसार शाम चार बजे हुआ। हांगकांग सरकारी उड़ान सेवा ने राहत और बचाव कार्य के लिए दो हेलीकॉप्टर भेजे। विस्फोट के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## असम में कुदरत का कहर, बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर भारत समेत देश के कई राज्यों में गर्मी का प्रकोप जारी है। तापमान बढऩे के बीच मौसम शुष्क बना हुआ है। वहीं, तमिलनाडु, केरल और असम समेत कई राज्यों में बारिश की गतिविधियां जारी है। असम में हाल ही में मौसम ने ऐसी करवट ली कि तेज आंधी-तूफान और भारी बारिश से राज्य को काफी नुकसान पहुंचा है। असम राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश, तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, राज्य में कुदरत के कहर, आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई है। इस बीच मौसम विभाग ने आज यानी 17 अप्रैल को भी बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान व्यक्त किया है। आईएमडी के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश, असम, केरल, तमिलनाडु में बारिश होने की संभावना है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, राज्य के कई जिलों में 15 अप्रैल को तेज आंधी और बारिश के साथ मौसम बदला था। राज्य के गोलपारा, बारपेटा, डिब्रूगढ़, नलबाड़ी जिलों में तेज तूफान और भारी बारिश से कई घरों को नुकसान पहुंचा है। साथ ही पेड़ उखडक़र सडक़ों पर गिरे हैं। आंधी के दौरान बिजली की लाइनें भी क्षतिग्रस्त हुईं और कुछ वक्त के लिए सप्लाई प्रभावित रही।

## सेना कमांडरों का सम्मेलन 18 से 22 अप्रैल 2022 तक नई दिल्ली में निर्धारित



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सेना कमांडरों का सम्मेलन 18-22 अप्रैल 2022 तक नई दिल्ली में निर्धारित है। सेना कमांडरों का सम्मेलन एक शीर्ष स्तरीय द्विवार्षिक कार्यक्रम है जो प्रत्येक वर्ष अप्रैल और अक्टूबर में आयोजित किया जाता है। सम्मेलन वैचारिक स्तर पर विचार-विमर्श के लिए एक संस्थागत मंच है, जहां भारतीय सेना के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए जाते हैं।

सम्मेलन के दौरान, भारतीय सेना का वरिष्ठ नेतृत्व सक्रिय सीमाओं के साथ परिचालन स्थिति की समीक्षा करेगा, संघर्ष वाले पूरे क्षेत्र में खतरों का आकलन करेगा और क्षमता विकास और परिचालन तैयारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए क्षमता की कमी का विश्लेषण करेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में अवसंरचना के विकास, स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण, उत्कृष्ट तकनीक को शामिल करने और रूस-यूक्रेन युद्ध के किसी भी प्रभाव पर मूल्यांकन से संबंधित पहलुओं पर चर्चा भी निर्धारित है।

भारतीय सेना में कार्यों में सुधार, वित्तीय प्रबंधन, ई-वाहनों को शुरू करने और डिजिटलीकरण से संबंधित प्रस्तावों के अतिरिक्त क्षेत्रीय कमांडों द्वारा प्रायोजित विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर वरिष्ठ कमांडरों द्वारा विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के हिस्से के रूप में, आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी (एडब्ल्यूईएस) और आर्मी ग्रुप इंश्योरेंस फंड (एजीआईएफ) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठकें आयोजित की जाएंगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा 21 अप्रैल 2022 को वरिष्ठ कमांडरों के साथ बातचीत करने और सम्मेलन को संबोधित करने की उम्मीद है। यह सम्मेलन भारतीय सेना के वरिष्ठ नेतृत्व के लिए रक्षा मंत्रालय के संवाद सत्र के दौरान और रक्षा विभाग सैन्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परस्पर बातचीत करने का एक औपचारिक मंच भी है।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मुंबई में 40वें हुनर हाट का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज मुंबई में केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की उपस्थिति में हुनर हाट के 40वें संस्करण का उद्घाटन किया। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक विश्वसनीय मंच 'हुनर हाट' का 40 वां संस्करण 16 से 27 अप्रैल, 2022 तक मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड पर आयोजित किया जा रहा है। 31 से अधिक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 1000 कारीगर और शिल्पकार इसमें भाग ले रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि हुनर हाट जैसी पहल से आत्मनिर्भर भारत को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा: हुनर हाट के इस 40वें संस्करण में 31 राज्यों से आए एक हजार से अधिक शिल्पकारों और कारीगरों ने 400 स्टॉल लगाए हैं।

मंत्री महोदय ने एक जिला एक उत्पाद के बारे में भी बताया, जिसके तहत प्रत्येक जिले को एक उत्पाद के लिए मान्यता दी जाती है। उन्होंने कहा कि इस पहल ने न केवल लोगों को कमाई करने का मौका दिया, बल्कि गांव में अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा किए, वह भी उस समय जब दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं महामारी से प्रभावित थीं। उन्होंने याद किया कि किस तरह भारत ने संकट के समय में प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के आह्वान की कैसी प्रतिक्रिया दी और कहा, भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा हमने पीपीई किट, मास्क और यहां तक कि वेंटिलेटर का उत्पादन शुरू किया।

उन्होंने स्किल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। कौशल का प्रशिक्षण दिया है ताकि आप नौकरी तलाशने वाले न बनें, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। उन्होंने उल्लेख किया कि हमारी संस्कृति और शैक्षिक व्यवस्था ने पूर्व में श्रम के गौरव पर अधिक ध्यान केंद्रित नहीं किया मगर प्रधानमंत्री मोदी ने श्रम की गरिमा पर बहुत जोर दिया है। उन्होंने सरकार द्वारा शुरू की गई तेजस योजना के बारे में भी जानकारी दी जिसके तहत भारत यूएई को कुशल जनशक्ति भेजेगा। उन्होंने बताया कि एक साल के भीतर, काम चाहने वाले 30,000 कुशल कारीगरों को संयुक्त अरब अमीरात भेजा जाएगा। ठाकुर ने मीडियाकर्मियों से भी 40वें हुनर हाट में लगाए गए विभिन्न स्टालों पर ध्यान देने का आग्रह किया, ताकि उनकी जानकारी जनता तक पहुंचे और उनके उत्पादों को सही पहचान मिले।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की एक पहल हुनर हाट के बारे में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि मुंबई के हुनर हाट में एक भारत श्रेष्ठ भारत देखने और विविधता में एकता के सार का अनुभव करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां आपको कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से कटक तक देश की संस्कृति और कौशल का अनुभव मिलेगा।

## ओल्ड हुबली पुलिस स्टेशन पर भीड़ ने किया पथराव, इंस्पेक्टर सहित 4 पुलिसकर्मी घायल

- धारा 144 लागू

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक के हुबली में ओल्ड हुबली पुलिस स्टेशन पर भीड़ की ओर से पथराव की घटना सामने आई है, जिसमें एक इंस्पेक्टर सहित 4 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस कमीश्नर लाभूराम ने बताया कि पूरे शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है। स्थिति नियंत्रण में है।

वहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के उत्तर पश्चिमी जिले के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जयंती जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच हुई हिंसा और पथराव में कई लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि हिंसा में घायल हुए लोगों को जहांगीरपुरी के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हिंसा में कई पुलिसकर्मियों को चोट आई है।

दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने घटना को लेकर ट्वीट किए है। उन्होंने कहा, उत्तर पश्चिमी जिले में हुई घटना में स्थिति पूरी तरह काबू में है। पर्याप्त संख्या में अतिरक्ति पुलिस बल को जहांगीरपुरी और अन्य संवेदनशील इलाकों में तैनात कर दिया गया है। उच्च पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है की वो इलाके में सघन गश्त करें और हालात पर लगातार नजर रखें।

## एनएमसीजी के महानिदेशक ने सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय जल सप्ताह 2022 में भाग लिया




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक जी. अशोक कुमार ने सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय जल सप्ताह, जल सम्मेलन 2022 में वर्चुअल रूप से भाग लिया तथा भारत में अपशिष्ट जल उत्पादन, उपचार और प्रबंधन की स्थिति: एनएमसीजी पहलों के जरिए सफलता पर एक प्रस्तुति दी। कुमार ने 17 अप्रैल को जल सम्मेलन की थीम 3 के तहत एनएमसीजी द्वारा आयोजित हॉट इश्यू कार्यशाला में विकासशील देशों में सतत अपशिष्ट जल प्रबंधन: नदी कायाकल्प में एक नवोन्मेषी भारतीय दृष्टिकोण पर चर्चा की। भारत में जल परिदृश्य और जल और अपशिष्ट जल क्षेत्र में प्रमुख सरकारी योजनाओं को रेखांकित करते हुए जी. अशोक कुमार ने 2019 में जल शक्ति मंत्रालय के गठन को एक ऐतिहासिक क्षण बताया और दर्शकों को जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रेन: व्हेयर इट फॉल्स, व्हेन इट फॉल्स अभियान की सफलता से अवगत कराया।

कुमार ने नमामि गंगे कार्यक्रम का अवलोकन दिया और परियोजना के कुछ सकारात्मक परिणामों और प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अर्थ गंगा के बारे में चर्चा की और दर्शकों को इसके छह कार्यक्षेत्रों - शून्य बजट प्राकृतिक खेती, आजीविका सृजन के अवसर, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन, मुद्रीकरण और कीचड़ और अपशिष्ट जल का पुन: उपयोग, सार्वजनिक भागीदारी और संस्थागत भवन के बारे में बताया।

एनएमसीजी के महानिदेशक ने कहा कि नमामि गंगे कार्यक्रम के दूसरे चरण का फोकस यमुना जैसी गंगा की सहायक नदियों में सीवरेज अवसंरचना निर्माण और पीपीपी विकास प्रयासों को बढ़ाने पर होगा। उन्होंने पुन: प्राप्त, पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण पर केंद्रित एक चक्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल विकसित करने के लिए एनएमसीजी की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि भविष्य में काम के प्रमुख क्षेत्रों में से एक क्षेत्र शहरी स्थानीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में मल कीचड़ और सेप्टेज प्रबंधन का होगा।

कीचड़ प्रबंधन पर एक प्रश्न के प्रत्युत्तर में, कुमार ने कहा: प्रत्येक दिन कई टन कीचड़ उत्पन्न होता है और हमारा लक्ष्य कीचड़ प्रबंधन के आधार पर एक चक्रीय अर्थव्यवस्था विकसित करना है। उन्होंने कहा, अर्थ गंगा के तहत, जिसका उद्देश्य लोगों को नदी से जोडऩा है, हम हितधारकों/लोगों को कुछ आर्थिक लाभ प्रदान करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि नदी को साफ रखने में उनकी कुछ दिलचस्पी पैदा हो।

उन्होंने कहा कि एनजीटी के निर्देशों के अनुसार, पूरे भारत में नदी के हिस्सों को स्वच्छ रखने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है और राज्यों को कुल उत्पन्न सीवरेज और वर्तमान क्षमता का आकलन करने और यह सुनिश्चित करते हुए कि अपशिष्ट जल की एक बूंद भी नदी में न जाए, अंतराल को कम करने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, यह बहुत अधिक कीचड़ उत्पन्न करेगा- अर्थ गंगा का एक कार्यक्षेत्र शून्य बजट प्राकृतिक खेती है, जिसका उद्देश्य कीचड़ से बनी प्राकृतिक खाद / मृदा कंडीशनर प्रदान करके प्राकृतिक खेती की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाना और रसायनों और उर्वरकों के उपयोग को कम करना है और इस प्रकार किसानों द्वारा हितधारकों (इस मामले में किसानों) को आर्थिक लाभ प्रदान करने के साथ कीचड़ प्रबंधन में एक चक्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल विकसित करना है। कार्यशाला के पहले भाग के दौरान अन्य वक्ताओं में डी पी मथुरिया (ईडी-तकनीकी, एनएमसीजी), राजीव रंजन मिश्रा (मुख्य सलाहकार, राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान (एनआईयूए) और पूर्व डीजी, एनएमसीजी), भैरव देसाई (सूरत नगर निगम से), के पी बख्शी (पूर्व अध्यक्ष, महाराष्ट्र जल संसाधन नियामक प्राधिकरण), के पी माहेश्वरी (सीईओ, अदानी वाटर), रजनीश चोपड़ा (वैश्विक प्रमुख- व्यवसाय विकास, वीए टेक डब्ल्यूएबीएजी लिमिटेड।) और डॉ. नुपुर बहादुर (सीनियर रिसर्च फेलो, टेरी - द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट) शामिल थे।